भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 971

12 दिसम्बर, 2023 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

आयुष महाविद्यालयों में वृद्धि

971 श्री ईरण्ण कडाडीः
श्री सतीश चंद्र दूबेः
ले. जनरल (डा.) डी.पी. वत्स (रिटा.):
श्रीमती दर्शना सिंहः

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत दशक में आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी कॉलेजों की संख्या में कोई वृद्धि हुई है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या वर्ष 2018-19 से वर्ष 2022-23 तक आयुष के बाजार आकार क्षेत्र में प्रतिशत वृद्धि हुई है;
(घ) क्या समय के साथ राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के बजट में बदलाव हुआ है;
(ङ) वर्ष 2022-23 में एनएएम की प्रमुख उपलब्धियों का ब्यौरा क्या है; और
(च) क्या विगत पांच वर्षों में आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी महाविद्यालयों की संख्या में कोई वृद्धि हुई है?

उत्तर

आयुष मंत्री (श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) और (ख): जी हां, पिछले दशक में आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई है और डेटा **संलग्नक-I** में है।

(ग): जी हां, 2018-19 से 2022-23 तक आयुष बाजार के आकार में वृद्धि हुई है।

(घ) और (ङ): जी हां, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत, 2014-15 के दौरान 78.32 करोड़ रुपये का बजट आवंटन निर्धारित किया गया था जिसे 2022-23 के दौरान बढ़ाकर 800.00 करोड़ रुपये कर दिया गया है। आयुष मंत्रालय आयुष पद्धतियों के समग्र विकास और संवर्धन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों के माध्यम से देश भर में राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना लागू कर रहा है और उनकी राज्य वार्षिक कार्य योजनाओं (एसएएपी) के माध्यम से प्राप्त प्रस्तावों के अनुसार एनएएम दिशानिर्देशों के अनुसार उन्हें वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। मिशन अन्य बातों के साथ-साथ निम्नलिखित के लिए प्रावधान करता है: -

(i) मौजूदा आयुष औषधालयों और स्वास्थ्य उप-केंद्रों को उन्नत करके आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों का संचालन
(ii) प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) और जिला अस्पतालों (डीएच) में होम्योपैथी सहित आयुष सुविधाओं का सह-स्थापना
(iii) मौजूदा स्टैंडअलोन सरकारी आयुष अस्पतालों का उन्नयन

(iv) मौजूदा सरकारी/पंचायत/सरकारी सहायता प्राप्त आयुष औषधालयों का उन्नयन/मौजूदा आयुष औषधालय के लिए भवन का निर्माण (किराए पर/जीर्ण-शीर्ण आवास)/नए आयुष औषधालय की स्थापना के लिए भवन का निर्माण

(v) 10/30/50 बिस्तरों वाले एकीकृत आयुष अस्पतालों की स्थापना।

(vi) सरकारी आयुष अस्पतालों, सरकारी औषधालयों और सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त शिक्षण संस्थागत आयुष अस्पतालों को आवश्यक दवाओं की आपूर्ति।

(vii) उन राज्यों में नए आयुष कॉलेजों की स्थापना जहां सरकारी क्षेत्र में आयुष शिक्षण संस्थानों की उपलब्धता अपर्याप्त है

(viii) आयुष स्नातक पूर्व संस्थानों का ढांचागत विकास

(ix) आयुष स्नातकोत्तर संस्थानों का ढांचागत विकास/पीजी/फार्मेसी/पैरा-मेडिकल पाठ्यक्रमों को शामिल करना।

एनएएम के अन्तर्गत विभिन्न राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों को उनके द्वारा प्रस्तुत एसएएपी में अनुमोदित विभिन्न गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए वर्ष 2022-23 के दौरान 54748.942 लाख रुपये की अनुदान सहायता जारी किए गए हैं। जारी अनुदान की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति संलग्नक-II में प्रस्तुत है।

(च): जी हां, पिछले पांच वर्षों में आयुर्वेद, सिद्ध और यूनानी कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई है।

*****

संलग्नक-I

क्र.सं.	पद्धति	शैक्षणिक वर्ष 2013-14 में महाविद्यालयों की संख्या	शैक्षणिक वर्ष 2023-24 में महाविद्यालयों की संख्या	पिछले दशक में कॉलेजों की संख्या वृद्धि
1.	**आयुर्वेद**	261	541	280
2.	**सिद्ध**	09	17	8
3.	**यूनानी**	42	57	15
	कुल	**312**	**615**	**303**

संलग्नक- II

2022-23 के दौरान राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) के तहत जारी सहायता अनुदान की राज्य-संघ राज्य क्षेत्र वार स्थिति

क्रं.सं	राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्र के नाम	2022-23 के दौरान जारी केंद्रीय हिस्सा (लाख रुपये में)
1	अंदमान और निकोबार द्वीप समूह	142.386
2	आंध प्रदेश	0.000
3	अरुणाचल प्रदेश	402.040
4	असम	1011.770
5	बिहार	0.000
6	चंडीगढ़	189.735
7	छत्तीसगढ़	0.000
8	दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव	0.000
9	दिल्ली	0.000
10	गोवा	142.286
11	गुजरात	1908.623
12	हरियाणा	1219.905
13	हिमाचल प्रदेश	3873.577
14	जम्मू और कश्मीर	4895.089
15	झारखंड	7752.570
16	कर्नाटक	1714.086
17	केरल	4399.828
18	लक्ष्यदीप	116.322
19	मध्य प्रदेश	1716.000
20	महाराष्ट्र	0.000
21	मणिपुर	1723.000
22	मिजोरम	117.270
23	मेघालय	796.840
24	नागालैंड	495.780
25	ओडिसा	0.000
26	पांडिचेरी	623.952
27	पंजाब	0.000
28	राजस्थान	0.000
29	सिक्कम	626.060
30	तमिलनाडु	2428.686
31	तेलांगाना	0.000
32	त्रिपुरा	1030.900
33	उत्तर प्रदेश	14437.596
34	उत्तराखंड	1855.797
35	पंश्चिमी बंगाल	1056.581
36	लद्दाख	72.265
कुल		**54748.942**